तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम12.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

13 महारास कोई लौकिक नृत्य नहीं, यह परमात्मा ...



14 विधायक ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक







## गेड़ापाली में सरकार का सुशासन सप्ताह : विभागों ने लगाये स्टाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव से लगे वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत गेड़ापाली के हाई स्कूल प्रांगण में विकासखंड स्तरीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसंबर तक प्रशासन गांव की ओर जन शिकायत शिविर का आयोजन किया गया, जहां शिविर में सभी विभागों का स्टाल लगा हुआ था। लोग अपनी अपनी शिकायत लेकर उक्त विभाग में जा रहे थे और अपनी आवेदन विभाग के अधिकारी को दे रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य डॉ. दिनेश लाल जांगड़े, भाजपा जिला ▶▶ शेष पेज 13 पर

### लोगों को शासन की योजनाओं की दी जा रही जानकारी



### शिविर में मिले 65 आवेदन

बिलाईगढ़ एसडीएम प्रफुल रजक ने बताया कि 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के आयोजन का उद्देश्य गांव के लोगों को शासन की योजना का लाभ गांव में ही मिले। उन्होंने बताया कि शिविर में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं कार्यक्रम में महामंत्री श्याम लाल साहू, पार्षद लीलाधर वैष्णव, जनभागीदारी अध्यक्ष सेजेस स्कूल भटगांव सुरेश रघु, गुलशन महिलाने, रमेश साहू के साथ-साथ बिलाईगढ़ एसडीएम प्रफुल रजक, तहसीलदार निलिमा अग्रवाल, जनपद पंचायत के सीईओ प्रतीक प्रधान सहित विकासखंड के समस्त अधिकारी कर्मचारी ग्रामवासी और स्कूली छात्रा-छात्राएं उपस्थित थीं।

### एक एक दाना धान किसानों का खरीदे सरकार

कार्यक्रम को भाजपा नेता व समाजसेवी गिरवर निराला ने संबोधित कर बताया कि सोसायटी के माध्यम से सहकारी समिति के माध्यम से धान खरीदी होती है। राज्य सरकार खरीदी कर रही हैं वादा करें है कि एक एक किसान के एक एक दाना धान ला खरीदी करना है, ऐसे योजना में खरीदी केंद्र के बहुत से अधिकारी लोग अपने हित के लिए किसानों को लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच के माध्यम से एसडीएम को अवगत करा रहा हूं कि ऐसे ऐसे जगहों में छापा मारे जहां किसानों का अनहित हो रहा है और किसानों को लूटने का काम हो रहा है। जहां किसानों से खरीदी केंद्र में 40 किलो 600 ग्राम लेना है, लेकिन वहीं खरीदी केंद्रों में किसानों के धान को 41 किलो 600 ग्राम लिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### कोसमंदा में दो दिवसीय सत्संग 25 से

**भाटापारा।** कोसमंदा (मोपका) में 25 व 26 दिसम्बर को केडीव्ही, मिशन के तहत दो दिन का सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें गुरु महिमा पाठ तथा शोभा यात्रा एवं सात्विक यज्ञ चौका आरती का कार्यक्रम रखा गया है, जो महंत मोहित दास साहेब (कोलिहा) वाले के द्वारा संपन्न होगा। जिसमें आस पास के ग्रामीण जन तथा संत जन को सादर आमन्त्रित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गीताराम साहू, लेखु साहू, ,केजू साहू, मंगल साहू, राजू साहू, हेमलाल साहू, पाहरिक साहू, टकेश्वर साहू, रामेश्वर साहू, राजकुमार साहू, पूनम साहू, अमृत लाल साहू, मोहर दास मानिकपुरी, डेरहा राम साहू, रोहित साहू, बुद्धू राम साहू, मुखित राम साहू, दुखित राम साहू, भुनेश्वर साहू, भागवत साहू, कौशल साहू, उमा साहू, शैलकुमारी साहू, जामवंतीन साहू बिनेश्वरी साहू एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा प्रतिदिन सहयोग किया जाएगा। उक्त जानकारी पाहरिक साहू ग्राम अध्यक्ष साहू समाज कोसमंदा एवं सहयोगी प्रतिनिधि कबीर पंथी समाज कोसमंदा द्वारा दिया गया है।

### महिलाओं के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम डोंगारक्शा में महिलाओं के साथ मारपीट के मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को संतोषिनी कोंद निवासी डोंगारक्शा ने बताया कि उसकी मां की मृत्यु के बाद मां के नाम की जमीन बड़ी दीदी प्रेमाबाई कोंद के नाम पर है। जिसमें वह अपनी दीदी भूमिबाई कोंद के साथ मिलकर खेती किसानी करती है। प्रार्थिया ने बताया कि धान कटाई के बाद उक्त जमीन खाली पड़ा था, जिसमें 21 दिसंबर को गांव के हिमांशु एवं अक्षय कोंद द्वारा धान बोने के लिए पानी डाला जा रहा था। जिसकी सूचना उसने अपीने दीदी विनोदिनी, प्रेमाबाई कोंद को दी। इसके बाद वे चारों खेत में गये और पानी डालने के लिए मना किये, तब आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब और 8 क्विंटल महुआ लाहन जब्त

**महासमुंद।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के विरूद्ध अपनी मुस्तैदी बढ़ा दी है। पिथौरा वृत्त अंतर्गत विभाग ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मुखबिर की सूचना पर गोपालपुर बिंधनखोल नाला के पास विवेचक अधिकारी नीरज कुमार साहू एवं पिथौरा स्टाफ की टीम ने मौके पर घेराबंदी की। मौके से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, 16 बोरों में 8 क्विंटल महुआ लाहन (अनुमानित कीमत लगभग 42 हजार रुपए) जब्त किया गया। आबकारी अधिकारी नीरज साहू ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस और आबकारी टीम की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

### बैठक : कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों से धान उठाव में तेजी लाने निर्देश दिए

# जिले में अब तक 65885 किसानों से 304524.36 मीट्रिक टन धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को खाद्य, सहकारिता, कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केंद्रों से धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि किसानों से अतिरिक्त रकबा समर्पण अवश्य कराएं, ताकि शेष रकबा में अन्य किसी का धान बिक्री हेतु उपार्जन केन्द्र ना आए। उन्होंने डीओ के विरुद्ध धान उठाव की समीक्षा करते हुए सरना का डीओ कटवाने तथा धान उठाव कार्य में तेजी लाने कहा। इसके साथ ही मिलर्स पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिये। चेक पोस्ट सहित संयुक्त टीम द्वारा सतत निगरानी और अवैध धान पर कार्रवाई के निर्देश दिये।

बताया गया कि जिले के सभी 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है एवं अब तक 65885 किसानों से 304524.36 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके साथ ही 38312 किसानों का लगभग 684.49 हेक्टेयर रकबा समर्पण कराया गया है। जिले के 116 उपार्जन केंद्रों से डीओ के विरुद्ध धान उठाव शुरू हुआ है। अब तक 107407.60 मीट्रिक टन धान उठाव हेतु डीओ कटा है, जिसके विरूद्ध 82078.15 मीट्रिक टन धान का उठाव हुआ है।





### पीएम आवास के हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

**संडी-बंगला।** विकासखंड के ग्राम पंचायत मुसवाडीह में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नवनिर्मित आवासों में गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हितग्राही कुलेश्वर ध्रुव, मन्तराम ध्रुव, विष्णु ध्रुव, जीवन ध्रुव एवं जवाहर ध्रुव सहित अन्य हितग्राहियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने-अपने नवीन आवासों में गृह प्रवेश किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की सरपंच अंजलि पवन सारथी ने सभी हितग्राहियों को नए घर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान कर रही है। इस अवसर पर पवन सारथी, रोजगार सहायक धन्नू ध्रुव, आवास मित्र भूपेश टिकरिहा, महिला कुंती ध्रुव, पंच प्रतिनिधि रवि ध्रुव, पूर्व उपसरपंच गजेंद्र टिकरिहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। सभी उपस्थितजनों ने हितग्राहियों को नए आवास के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



## 177 पौवा शराब और कार जब्त दो गिरफ्तार, एक फरार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने करीब एक माह पुराने मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की वैगनर कार के माध्यम से अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने डीके कॉलेज के पास नाकाबंदी की।

पुलिस की घेराबंदी देख कार क्रमांक सीजी 22 एसी 7587 में सवार आरोपी वाहन को बीच रास्ते में ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने जब लावारिस हालत में खड़ी कार की तलाशी ली, तो उसमें से 177 पौवा देसी मसाला शराब बरामद की। पुलिस ने तत्काल शराब और कार को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### कार के नंबर से खुली पोल

कोतवाली पुलिस ने कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर जांच शुरू की। वाहन मालिक से पूछताछ और कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस अंततः दो मुख्य संदिग्धों तक पहुंचने में सफल रही। इस कार्रवाई में ग्राम लटुवा निवासी 20 वर्षीय वेदप्रकाश उफ खिलेश यादव और 19 वर्षीय कुंदन दक्षणी को गिरफ्तार कर पूछताछ की, जहां आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उन्होंने बताया कि अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर वे अवैध बिक्री के लिए शराब ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस की नाकाबंदी देखकर वे चाबी निकालकर वाहन छोड़कर भाग गए थे।पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर तीसरे साथी की तलाश में जुटी है।

## नए तहसील परिसर में स्टांप वेंडरों को बैठने आवंटित नहीं हुई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर में लाखों की लागत से बने नए तहसील कार्यालय परिसर में अव्यवस्था का माहौल देखने को मिला, जब लोगों स्टाम्प वेंडरों से काम कराने इधर उधर भटकना पड़ रहा, क्योंकि तहसील कार्यालय नई बिल्डिंग में शिफ्ट हुए हफ्ता बीत चुका है, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक स्टांप वेंडरों के तहसील परिसर में बैठने के लिए जगह आवंटित नहीं की गई है। इसके परिणामस्वरूप सोमवार को तहसील पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों और पक्षकारों को स्टांप पेपर के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

- तहसील पहुंचे ग्रामीणों और पक्षकारों को स्टांप पेपर के लिए भटकना पड़ रहा

स्टांप वेंडरों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि नए परिसर में उनके बैठने के लिए न तो कोई शेड बनाया गया है और न ही केबिन की व्यवस्था है। स्टांप ▶▶ शेष पेज 13 पर

### काम ठप : रजिस्ट्री और हलफनामे के लिए भटकते लोग

सोमवार को तहसील में भीड़ अधिक थी। दूर-दराज के गांवों से आए किसान और ग्रामीण जब अपनी जमीन की रजिस्ट्री या शपथ पत्र बनवाने पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि परिसर में एक भी स्टांप वेंडर मौजूद नहीं है। लोग घंटों धूप में इधर-उधर भटकते रहे। ग्रामीणों का कहना है नया दफ्तर तो चकाचक बन गया है, लेकिन जहां से असली काम शुरू होता है, वहां वेंडरों के बैठने का ठिकाना ही नहीं है। अब हमें स्टांप के लिए दो किलोमीटर दूर पुराने तहसील ऑफिस में नेशनल हाईवे पार करके जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दुरस्त ग्रामों से तहसील कार्यालय अपने जरूरी कार्य करने के लिए आते हैं, वहीं मार्ग में दुर्घटना आम बात हो गई, जिससे जान माल का भय रहता है, वहीं समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं।

## सेवानिवृत्त पेंशनरों के अनुभव और तौर तरीका आगे बढ़ने का बेहतर माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर में पेंशनर दिवस पर एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में पेंशनर के हितों, समस्याओं एवं उनके सम्मानपूर्ण जीवन से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान 80 साल व उनसे ज्यादा उम्र के सेवानिवृत्त पेंशनर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू रहे, अध्यक्षता बिसाहू पटेल ने की। विशेष अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू रहे। मंच पर न.पा. उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सभापति लेखू राम वर्मा, संवाददाता यमलोक साहू थे।

- पेंशनर संघ के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए विधायक संदीप साहू

विधायक संदीप साहू ने कहा आपने जिंदगी का महत्वपूर्ण समय लोगों के काम के लिए दिया। परिवार से दूर रहकर सुदूर इलाकों में कठिन दौर में अपने विभाग में 60- 65 साल काम करना, विकास करना ये बहुत बड़ी बात है। आपका प्रेरणा और मार्गदर्शन से हम भारत देश के सभ्य नागरिक बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। विधायक ने कहा कि पेंशनर संघ को समय-समय पर कार्यशाला आयोजित करना चाहिए, ताकि अभी के जनरेशन को कार्य करने का अनुभव और तौर तरीके सीखने का ▶▶ शेष पेज 13 पर

### रैली में अधिकारों की स्थापना और सम्मान की आवाज उठायेंगे

## लंबित मांगों को पूरा कराने रोजगार सहायकों की रैली कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

राजधानी रायपुर में 24 दिसंबर को रोजगार सहायकों द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक रैली का आयोजन किया गया है। इस रैली का उद्देश्य चार प्रमुख मांगों की ओर खींचना है जो लंबे समय से लंबित हैं।

सिमगा ब्लॉक रोजगार सहायक संघ के मीडिया प्रभारी उमेश गोस्वामी ने इस रैली को अधिकारों की स्थापना और सम्मान की आवाज करार देते हुए कहा कि सचिव भर्ती में वरिष्ठता, अनुभव आधारित अंक की पुनर्बहाली सचिव भर्ती में अनुभव आधारित 30 अंक का प्रावधान पुनः लागू किया जाए, जिससे उन्हें वर्षों की सेवाओं का सही मूल्यांकन मिल सके। मानदेय श्रेणी से संविदा सेवा संरचना में समावेश रोजगार सहायकों का कहना है कि जब उनका कार्य पूर्णकालिक है तो पद भी पूर्णकालिक होना चाहिए।



इस मांग के तहत सेवा शर्तें निलंबन प्रक्रिया कानूनी सुरक्षा और वेतन संरचना को स्पष्ट किया जाना चाहिए। सहायक सचिव का दर्जा अन्य राज्यों की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी रोजगार सहायकों को सहायक सचिव घोषित किया जाए, जिससे उनके कार्यों और दायित्वों को उचित मान्यता मिले। तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता, मनरेगा के तहत तकनीकी कार्यों के लिए आधुनिक मोबाइल उपकरण, डाटा ▶▶ शेष पेज 13 पर

### भविष्य और आर्थिक स्थिति पर भी ठोस नीति बननी चाहिए

गोस्वामी ने बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम परिवर्तित कर वीजीजीरामजी करने संबंधी विधेयक संसद में पारित किया गया है। इस बदलाव के साथ योजना के ढांचे और क्रियान्वयन में बड़े सुधारों की चर्चा शुरू हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि जब इतना महत्त्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन हो रहा है, तब लगभग 18–19 वर्षों से अल्प मानदेय पर सेवा दे रहे ग्राम रोजगार सहायकों के भविष्य और आर्थिक स्थिति पर भी ठोस नीति बननी चाहिए। पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम स्तर पर सबसे पहला और स्थानीय कर्मचारी रोजगार सहायक ही होता है। किसी भी निरीक्षण मंत्री विधायक के दौरे कलेक्टर एसडीएम की बैठक या किसी भी शासकीय योजना के क्रियान्वयन के पूर्व सबसे पहले इसी वर्ग को बुलाया जाता है। तैयारी दस्तावेज, रिपोर्ट, ऑनलाइन कार्य हर जिम्मेदारी समय पर पूरी की जाती है और जैसा वे कहते हैं, हर आदेश को रामजी के आदेश की तरह मानते हैं।

## भटगांव में आज विराट हिन्दू सम्मेलन : सजेगी धर्म की चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर, छत्तीसगढ़ के भटगांव में एक विशाल विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। 23 दिसंबर को आयोजित यह कार्यक्रम सनातन धर्म की शक्ति और भारतीय संस्कृति के दिव्य तेज को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

यह आयोजन विशेष रूप से संघ के शताब्दी वर्ष को समर्पित है, जो राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक जागरण के 100 वर्षों की यात्रा का प्रतीक है। हिन्दू सम्मेलन समिति (भटगांव मंडल) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य धर्म और संस्कारों के दीप को हर घर तक पहुंचाना है।

### महामंडलेश्वर मनमोहन दास का होगा मार्गदर्शन

सम्मेलन के मुख्य वक्ता पूज्य महामंडलेश्वर मनमोहन दास महाराज (राधे-राधे बाबा) होंगे। महाराज, जो विहिप के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य और राज्य अतिथि हैं, अपने संबोधन से उपस्थित जनसमूह को धर्म और राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों का बोध कराएंगे। कार्यक्रम में गुलाराम रामनामी एवं बोधीराम साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम छोटू दादा स्टेडियम (गायत्री मंदिर के सामने) नगर पंचायत भटगांव में दोपहर 1 बजे से होगा। इस कार्यक्रम का आयोजक हिन्दू सम्मेलन समिति भटगांव मंडल है।

**खबर संक्षेप**



## सरपंच ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**नर्रा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम झलमला के आंगनबाड़ी केंद्र में 21 दिसंबर को शून्य से पांच वर्ष के बच्चे को पोलियो की दवा पिलाई गई जिसमें स्थानीय सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी ने बच्चे को पोलियो की दवा दो बूंद पिलाकर शुभारंभ किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डालेश्वरी सोनवानी, मितानिन मानबाई ठाकुर समेत शिशुवती माताएं मौजूद रहे।



## जनपद सदस्य ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**नर्रा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम बनियातोरा के आंगनबाड़ी केंद्र में 21 दिसंबर को शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य लोचन पटेल ने बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह एक बहुत ही जिम्मेदार निर्णय लिया है, जो न केवल आपके बच्चे को बल्कि पूरे समाज को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने में मदद करता है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-मानकी पटेल, मोना पटेल, पीला पटेल, भेखराम पटेल के अलावा शिशुवती माताएं उपस्थित रहे।



## नगर पालिका उपाध्यक्ष ने पिलाई पोलियो की दवा

**बागबाहरा।** पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत करते हुए देवेश साहू पार्षद वार्ड नंबर 2 उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा ने व्यापारी तालाब स्थित वार्ड पहुंचें जहां मितानिन विद्या वैष्णो, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मोहल्लेवासियों की उपस्थिति में बच्चों को दवा पिलाई।



## सिंघनपुर में बच्चों की दी गई पोलियो की खुराक

**झलप।** समीपस्थ ग्राम सिंघनपुर में पल्स पोलियो अभियान के तहत 30 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व जनपद सभापति एवं उप सरपंच सिंघनपुर रामेश्वर गब्बर साहू ने भारत को पोलियो मुक्त कराने हेतु सभी जागरूक नागरिकों से अनुरोध किया है कि आप अपने क्षेत्र के हर गांववासियों को इस खुराक के महत्व की जानकारी दें, इस महान कार्य में भागीदार बने। इस वर्ष पल्स पोलियो अभियान 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक पूरे भारत वर्ष के आयोजित किया जा रहा है।

## प्रायोगिक परीक्षा आज से

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के बीए/बीएससी प्रथम सेमेस्टर, डीएससी/जीई (भूगोल) विषय के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 23 दिसंबर को समय-सुबह 9 एवं 24 दिसंबर को सुबह 10 से 4 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी।

# पानी की समस्या से परेशान नागरिक हांडी लेकर पहुंचे पालिका दफ्तर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)**

### पैदल मार्च निकालकर सौंपा ज्ञापन

नगर पंचायत के रावणभाठा पारा वार्ड नंबर 01 में नलकूपों से पानी नहीं आने के कारण पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। हालात से परेशान वार्डवासियों का सब्र सोमवार को टूट गया। कांग्रेस पार्षद प्रफुल्ल राजपूत के नेतृत्व में वार्ड की महिलाओं ने हाथों में मिट्टी की हांडी लेकर वार्ड से नगर पंचायत कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और नगर पंचायत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन एवं हांडी भेंट करना चाह रहे थे, लेकिन सीएमओ के कार्यालय में मौजूद न होने पर कर्मचारियों को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद सभी एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां वार्ड की महिलाओं ने पार्षद प्रफुल्ल राजपूत के नेतृत्व में एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा को ज्ञापन सौंपकर पेयजल संकट से अवगत कराया। इस दौरान तहसीलदार मनीषा देवांगन भी उपस्थित रहीं।



पार्षद प्रफुल्ल राजपूत ने बताया कि वार्ड में लंबे समय से नलों में पानी नहीं आ रहा है। इस समस्या को वे कई बार नगर पंचायत सीएमओ के समक्ष उठा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। मजबूरी में वार्डवासी पानी के लिए भटकने को विवश हैं। नगर पंचायत द्वारा टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन संकरी गलियों के कारण टैंकर वार्ड के भीतर नहीं पहुंच पाता।

उन्होंने बताया कि रावणभाठा पारा में लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से नई पानी टंकी का निर्माण किया गया है, साथ ही इसके लिए 12 बोरवेल्स भी कराए गए हैं, बावजूद इसके टंकी को चालू नहीं किया गया है। इसी कारण वार्ड में पेयजल संकट बना हुआ है। पार्षद ने 15 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान पार्षद टेकु साहू, युवा नेता विकास शर्मा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

### जल्द होगा समाधान

वार्ड क्रमांक 01 से 05 तक पेयजल समस्या की जानकारी मिली है। जल्द ही इस समस्या का समाधान कराया जाएगा।

**-बजरंग सिंह वर्मा**
एसडीएम पिथौरा

### परेशानी : उपार्जन केंद्र पहुंचे पीड़ित कृषक, प्रशासन से समाधान की मांग

# रकबा संशोधन व सत्यापन लंबित धान विक्रय से वंचित किसान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा**

बरनवापारा वनांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, बार (पंजीयन क्रमांक 197) से जुड़े कृषक इन दिनों गंभीर परेशानियों से जूझ रहे हैं। रकबा संशोधन एवं भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया लंबित होने के कारण किसान समय पर धान की फसल का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में रकबा संशोधन के कुल 366 प्रकरण अब भी लंबित हैं। वहीं भौतिक सत्यापन के 46 प्रकरण अब तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं। इस प्रशासनिक विलंब का सीधा असर क्षेत्र के सैकड़ों कृषकों की आजीविका पर पड़ रहा है। विशेष रूप से वन ग्राम अकलतरा के 23 कृषकों द्वारा बार-बार



आवेदन एवं निवेदन किए जाने के बावजूद आज तक उनके रकबे का संशोधन नहीं हो सका है। इससे आक्रोशित कृषक लगातार कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जबकि धान उपार्जन की समय-सीमा भी निकलती जा रही है। इस गंभीर स्थिति को लेकर उपार्जन केंद्र में आज बड़ी संख्या में पीड़ित कृषक आवेदन के साथ उपस्थित हुए और प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। कृषकों ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा और आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर हो जाएगी। कृषकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि रकबा संशोधन एवं लंबित भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि वे समय पर धान विक्रय कर सकें और आर्थिक संकट से उबर सकें। उपस्थित कृषकों ने उपार्जन केंद्र में रखी शिकायत पेटी में अपना लिखित आवेदन डालकर समस्या का शीघ्र निदान होने का अनुरोध किया है

उपार्जन केंद्र में उपस्थित पीड़ित कृषकों के नाम इस प्रकार हैं-ग्राम अकलतरा के किसान रामजी नेताम, दाउ पाड़े, भोजराम दीवान, घसिया दीवान, स्वरूप दीवान, संतोष साहू, गोविंद नेताम, टेकराम यादव, आनंद ध्रुव, दुकालू यादव, सीताराम साहू, कन्हैया चौहान, सुकंतीन व रामरतन यादव सहित अन्य कृषक उपस्थित रहे।

# परसुलीभांठा में फिर शुरू हुआ साप्ताहिक बाजार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा**

संतोषी नगर परसुली भाठा में पुनः साप्ताहिक बाजार की शुरुआत हुई।

- **बाजार स्थल में मुरूम डालकर किया गया समतलीकरण**

इसके पूर्व में यह बाजार परसुली गांव के शासकीय राशन दुकान के पास संचालित रहा। इस पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के बुजुर्गों की सहमति से फिर पुनः संतोषी नगर बुढादेव शा. उच्चतर मा. विद्यालय परसुली के सामने साप्ताहिक बाजार शुक्रवार को लगेगी।

इस जगह को मुरूम डाल कर समतलीकरण करके व्यवस्थित किया गया। इसका शुभारंभ संयुक्त रूप से सभी ने पूजा अर्चन व नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य -लोचन पटेल, जनपद सदस्य लता कुम्हार, स्थानीय सरपंच जलसिंह, चक्रधारी, लीला बाई दीवान, सरपंच पंडरीपानी सुनीता सोनवानी, भागीरथी पटेल, पूरन पटेल, परमेश्वर पटेल, कैलाश पटेल, ईवन कुर्रे, कपूरचंद चक्रधारी समेत पंचगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जनपद सदस्य ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण...



**झलप।** जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू ने आंगनबाड़ी सिंघनपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि आंगनबाड़ी केंद्र का भवन अति जर्जर हो चुका है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वर्तमान में इस केंद्र में 58 बच्चे अध्ययनरत है, जर्जर भवन की जानकारी प्रशासन को कई बार दी गई है लेकिन आज तक इसके लिए कोई भी कदम नहीं उठाया गया। जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू ने कहा कि अगर जल्द से जल्द आंगनबाड़ी भवन निर्माण शुरू नहीं किया गया तो आंगनबाड़ी केंद्र में तालाबंदी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान ग्राम के उपसरपंच रामेश्वर गब्बर साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा योगी, मधु निषाद मोहनी साहू, महावीर साहू, तोरण साहू, हेमलाल साहू आदि समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री उमेश पटेल से मिले कांग्रेसी नेता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)**

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल के रायपुर प्रवास के दौरान बसना–पिथौरा क्षेत्र के कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस नेताओं ने पिथौरा स्थित रेस्ट हाउस में उनसे सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति के साथ-साथ किसानों के समक्ष उत्पन्न गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव संजय सिन्हा ने प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान शासन में किसान दाने-दाने के लिए परेशान है। उन्होंने बताया कि धान बिक्री को लेकर किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



सोसायटियों में तकनीकी खामियों और कुप्रबंधन के चलते टोकन समय पर नहीं कट पा रहे हैं, वहीं धान का समय पर उठाव नहीं होने और जटिल नियमों के कारण किसानों को मंडियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों और आम जनता के साथ खड़ी रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनहित की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगी।

मुलाकात करने वाले में किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजय सिन्हा, बसना विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला, युवा नेता मिंकू अजमानी, टेटे विश्वकर्मा, रमेश निषाद, किशन ठाकुर, चैंपियन विश्वकर्मा, तरुण प्रधान, रमेश सिदार उपस्थित रहे।

# 80 प्रतिशत आदिवासी ग्राम पंचायतों में चना नहीं मिल रहा

### जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान ने सरकारी पर लगाए गंभीर आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना**

- **सरकारी की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा, आदिवासी परिवारों को हो रही परेशानी**

जिले के अधिकांश आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतों में शासन की महत्वाकांक्षी चना वितरण योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेता मोक्ष प्रधान ने वर्तमान भारतीय जनता पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी निंदा की है।

मोक्ष प्रधान ने कहा कि जिले की लगभग 80 प्रतिशत आदिवासी ग्राम पंचायतों में योजना पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। योजना के अंतर्गत मिलने वाली आवश्यक सामग्री और सुविधाएं समय पर ग्रामीणों तक नहीं पहुंच रही हैं, जिससे गरीब और आदिवासी परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के तथाकथित "सुशासन" में



पिछले लगभग तीन महीनों से खाद्यान्न विभाग द्वारा चना का वितरण नहीं किया गया है। इससे सरकारी राशन पर निर्भर हजारों परिवारों की स्थिति दयनीय हो गई है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के पोषण पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

मोक्ष प्रधान ने आरोप लगाया कि सरकार केवल कागजों में योजनाएं चला रही है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। आदिवासी क्षेत्रों की लगातार अनदेखी की जा रही है और अधिकारियों की लापरवाही के कारण योजनाएं धरातल पर विफल हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस योजना की तत्काल समीक्षा की जाए, खाद्यान्न वितरण में हो रही लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, तथा सभी पात्र हितग्राहियों को शीघ्र चना एवं अन्य राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी और जनप्रतिनिधि आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।



## घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांपा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान संबोधित करते हुए तुषार ने कहा नशे के खिलाफ लड़ने का लिया संकल्प, बाबा घासीदास की जयंती के अवसर पर नशे से दूर रहे, नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में शामिल होकर लोगों को जागरुक करें. बाबा गुरु घासीदास के संदेश, सत्य अहिंसा, समानता और मानवता के मूल्यों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया साथ ही अंधविश्वास, भेद-भाव व जातिवाद के खिलाफ सभी मानव को जागरूक रहने व सत्य की मार्ग पर चलने की बात दोहराई.

### गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में सरेकेल में व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का आयोजन किया गया

# गायत्री मंत्र के महत्व एवं उसके जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के तत्वावधान में ग्राम सरेकेल के ग्राम पंचायत भवन एवं उच्च माध्यमिक शाला परिसर में एक दिवसीय व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा पाँचवीं से बारहवीं तक के लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच राजकुमारी साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के वरिष्ठ परिजन एलके. मेश्राम ने गायत्री परिवार, उसके संस्थापक परम पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के जीवन, उद्देश्य तथा गायत्री परिवार के मिशन एवं सप्त आंदोलन पर संक्षिप्त एवं प्रेरक उद्बोधन दिया। शक्तिपीठ महासमुंद से पधारी ब्रह्मवादिनी बहनों द्वारा प्रज्ञा गीत प्रस्तुत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। हीरालाल साहू ने गायत्री मंत्र के महत्व एवं उसके जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला तथा पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित नवयुग के संविधान का वाचन किया गया।



इसके पश्चात गरिमा दीदी, प्रेमलता दीदी एवं खेमिन दीदी द्वारा बच्चों को ज्ञानवर्धक एवं जीवनोपयोगी बातें बताई गईं। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को खेलकूद के माध्यम से जीवन जीने की कला सरल रूप में समझाई गई। वहीं कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से नशा न करने, स्वस्थ रहने, जीवन प्रबंधन, स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता (सीटिंग पावर) बढ़ाने संबंधी जानकारी नरेश साहू द्वारा दी गई।

कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद से एल.के. मेश्राम, हीरालाल साहू, बोधराम साहू, रिखीराम साहू, नरेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्राम झलप से दिलीप चंद्राकर तथा ग्राम सरेकेल से करण बरिहा, परमानंद, देवी सिंह दीवान, नारायण सिंह ठाकुर, नारायण साहू, भूषण लाल साहू, वेदराम बरिया, भुवन लाल साहू, पिपेश्वर ध्रुव, प्रधान पाठक भोजराम ध्रुव, सनतन बरिहा, देवकी साहू, रेवती बरिहा, रथराम साहू सहित ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित सभी बच्चों को किसी भी प्रकार का नशा न करने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही प्राथमिक शाला सरेकेल के 30 बच्चों को निःशुल्क गर्म कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में भुवन साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम व्यवस्था में सरपंच राजकुमारी साहू द्वारा चाय-नाश्ते की तथा जीतराम खड़िया द्वारा माइक व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप





### श्रीनिवास रामानुजन जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनी

**पलारी।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीनिवास रामानुजन जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य राकेश तिवारी, अध्यक्षता चिरंजीव लाल तिवारी, विशिष्ट अतिथि पूनम चंद उपाध्याय थे। मातृ वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम में कक्षा तृतीय से द्वादश के भैय्या बहन भाग लिए। कार्यक्रम में पहाड़ा सुनाओ, उलटी गिनती, अनुमापन, पहेली व मॉडल, रंगोली आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के गणित प्रमुख आचार्य मनोज कनौजे ने किया। उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि इस आयोजन का मतलब गणित के विषय पर जो मन में भय बना हुआ है उसे दूर करना है। इसे रोचक बनाना है, कोई विषय हमें तब तक कठिन लगता है, जब तक हम उसे अच्छे से समझ नहीं लेते। समझ आने पर वहीं सरल लगने लगता है। कार्यक्रम की तैयारी गणित परिषद के छात्र-छात्राओं ने की।

## निधन

### दयालदास साहेब



पलारी। चरौदा निवासी कबीर आश्रम के प्रथम मठाधीस महंत गुरु दयालदास साहेब 97 वर्ष का निधन हो गया।उनका अन्तिम संस्कार गृहग्राम चरौदा के कबीर आश्रम में किया गया, जहां पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समस्त कबीर पंथी समाज ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महारास कोई लौकिक नृत्य नहीं, यह परमात्मा के बीच होने वाला आध्यात्मिक मिलन है

**कथा के छठे दिवस भगवान श्रीकृष्ण का गुरुकुल गमन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम सकलोर (हिरमी) में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठे दिन श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अनुपम संगम देखने को मिला। आयोजक दिलीप वर्मा, सुधीर वर्मा, कमल वर्मा एवं वेदप्रकाश वर्मा द्वारा स्व. अयोध्या प्रसाद वर्मा एवं माताजी स्व. सुरूज बाई वर्मा की पावन स्मृति में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं।

आयोजित कथा में राष्ट्रीय कथा वाचिका बालविदुषी अनन्या शर्मा ने छठे दिन के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा का मुख्य केंद्र महारास रहा। इस प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए अनन्या शर्मा ने कहा कि महारास कोई लौकिक नृत्य नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के बीच होने वाला परम आध्यात्मिक मिलन है। सायंकालीन बेला में राधारानी पंडवानी (मेढ़, बलौदाबाजार) के विशेष आयोजन ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया, जिसमें स्थानीय संस्कृति और अध्यात्म का सुंदर समन्वय देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि कथा के सातवें दिन सुबह 11 बजे से सुदामा चरित्र का वर्णन किया जाएगा, जिसमें सच्ची और निस्वार्थ मित्रता का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में वर्मा परिवार सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।





### गोपी-उद्धव संवाद और श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग की प्रस्तुति

कथा में भगवान श्रीकृष्ण का गुरुकुल गमन, गोपी-उद्धव संवाद तथा श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का सजीव वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। भजन 'श्याम चूड़ी बेचने आए बनके मनिहारी' की प्रस्तुति के दौरान पूरा पंडाल तालियों की गूंज और भक्ति रस से सराबोर हो गया। श्रद्धालु झूमते-नाचते हुए भक्ति में लीन दिखाई दिए।

**प्रवचन : चतुर्थ दिवस राम-जानकी विवाह उत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब**

# श्रीराम-सीता विवाह मर्यादा और समर्पण का है अनुपम संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






नगर के दशहरा मैदान में स्व. सोनचांद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुप्रसिद्ध कथा वाचक देवी चंद्रकला ने जैसे ही प्रभु श्रीराम और माता जानकी के विवाह का प्रसंग आरंभ किया, पूरा पंडाल सिया-राम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

कथा के दौरान चंद्रकलाजी ने विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण के मिथिला आगमन, जनकपुर की सभा में शिव धनुष भंग तथा अधर्म पर धर्म की विजय का मार्मिक और ओजस्वी वर्णन किया। धनुष भंग और वरमाला के प्रसंग पर आयोजन समिति द्वारा की गई पुष्पवर्षा से वातावरण भक्तिमय हो उठा। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा दृश्य सजीव प्रतीत हुआ। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए चंद्रकलाजी ने कहा कि श्रीराम-सीता विवाह मर्यादा और समर्पण का अनुपम संगम है। यह केवल पौराणिक घटना नहीं, बल्कि आदर्श पारिवारिक जीवन का संदेश है। उन्होंने कहा कि आज के समय में परिवारों को सशक्त बनाए रखने के लिए राम जैसा संयम और माता जानकी जैसा त्याग आवश्यक है। साथ ही युवाओं से आह्वान किया कि वे पाश्चात्य प्रभाव से दूर रहकर प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। इस भव्य आयोजन के मुख्य संयोजक एवं फाउंडेशन के प्रमुख पुष्पराज वर्मा ने कहा कि यह आयोजन स्व. सोनचांद वर्मा की स्मृतियों को नमन करने और समाज में समरसता व भक्ति भाव को प्रोत्साहित करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।कथा आयोजन के चलते नगर में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। प्रमुख मार्गों और आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं की बड़ी उपस्थिति क्षेत्र में बढ़ती आध्यात्मिक चेतना को दर्शाती है। आयोजन समिति के अनुसार आगामी दिनों में कथा के अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों के साथ भव्य झांकियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

# 20 फरवरी को होगा 60 फीट भगवान सहस्त्रबाहु देव मंदिर का उदघाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े भगवान सहस्त्रबाहु देव मंदिर पलारी के ग्राम गातापार में निर्मित हुआ है, जिनकी ऊंचाई 60 फीट हैं। मंदिर का उदघाटन 20 फरवरी को होगा। यह निर्णय कलार समाज बलौदाबाजार मंडल की कार्यकारिणी बैठक ग्राम गातापार में हुई। इस मुख्य अतिथि भुवन लाल जायसवाल जिला अध्यक्ष बलौदा बाजार, अध्यक्षता राजकुमार जायसवाल मंडलेश्वर बलौदाबाजार, विशिष्ट अतिथि प्रेमलाल सिन्हा मंडलेश्वर भाटापारा, पुनीत राम सिन्हा मंडलेश्वर कौड़िया परिक्षेत्र, दसरू राम सिन्हा मंडलेश्वर रायपुर ग्रामीण थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अश्वनी जायसवाल ग्राम प्रमुख गातापार, मनोज जायसवाल कोषाध्यक्ष बलौदाबाजार मंडल, राम लखन सिन्हा तहसील निर्वाचन अधिकारी, लखन लाल जायसवाल जिला कार्यकारिणी, छोटू राम सिन्हा, यशपाल जायसवाल समस्त स्वजातीय गाता पार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन बलौदाबाजार मंडल के सचिव हेम कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। बैठक में जिले, मंडल के समस्त पदाधिकारी, युवा मंच, महिला मंच एवं सामाजिक बंधु की उपस्थित रहीं।

मंदिर निर्माण समिति कोषाध्यक्ष चुरामन सिन्हा ने बताया की ग्राम गातापार में भगवान सहस्त्रबाहु देव का मंदिर छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े मन्दिर हैं। मन्दिर में माता बहादूर कलारिन और छछान छाडू देव की भी मूर्ति स्थापित की जाएगी, यह मंदिर स्वजातीय बन्धुओं और समाज के सहयोग से निर्माण किया गया है।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज ने प्रांतीय महा अधिवेशन में दी विकास कार्यों की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज का प्रांतीय महा अधिवेशन संपन्न हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने परगिया कुर्मी समाज के विकास की गति देते हुए अपने समाज के लोगों के लिए सामाजिक कोष से बलौदाबाजार में सामाजिक भवन 35 लाख में निर्माण व मेन रोड मुंडा में 35 लाख का सामाजिक भवन निर्माण कराया गया और गांव-गांव में सामाजिक भवन निर्माण कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि गांव-गांव में शिक्षित युवाओं द्वारा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू किया गया, जिसके चलते आज छात्राएं जो शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अग्रणी है। अध्यक्ष द्वारा सर्व कुर्मी समाज से आग्रह किया कि अब समय बदल चुका है और बेटा बचाओ बेटा पढ़ाओ की स्थिति आ गई है, जिसकी जानकारी 24 फिरका के सभी राज्य प्रधान व प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज केंद्रीय अध्यक्ष व दुर्ग सांसद विजय बघेल के बीच प्रस्तुत की गई। परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज से लगभग ढाई सौ लोगों ने पहुंच कर अपनी भागीदारी निभाई। सभी पदाधिकारियों के बीच नरेंद्र वर्मा को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी छत्तीसगढ़ समाज के अध्यक्ष विजय बघेल व परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज के सभी सामाजिक पदाधिकारी व सामाजिक लोगों ने बधाई दी।

# तहसील साहू संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार



सेल। तहसील साहू संघ कसडोल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह सोमवार दोपहर 2 बजे स्थानीय साहू धर्मशाला भवन में हुआ। इस कार्यक्रम में तहसील एवं परिक्षेत्र साहू समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामाजिक एकजुटता और पारदर्शिता की नई मिसाल पेश की गई।कार्यक्रम की शुरुआत में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष ने समाज के समक्ष पूर्व के आय-व्यय और पूर्ण हिसाब-किताब का ब्यौरा प्रस्तुत किया। समाज के प्रति जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए इस कदम की सभी ने सराहना की। इसके पश्चात, विधिवत रूप से नवनियुक्त पदाधिकारियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। पदभार ग्रहण करने वाले मुख्य पदाधिकारी में अध्यक्ष हरिकांत साहू, उपाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू एवं निर्मला साहू, संगठन सचिव युत्रकुमार साहू एवं संगीता साहू, कार्यवाहक सचिव बृज साहू, कोषाध्यक्ष हेमलाल साहू एवं भगवती साहू शामिल हैं।

# एनएसएस शिविर का दूसरा दिन उत्साह और उमंग के साथ मना



भवानीपुर। विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर में चल रहे एनएसएस शिविर का दूसरा दिन अनुशासन और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ, जिसमें सर्वप्रथम प्रातःकाल सभी स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकाली। इसके माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके पश्चात योग एवं शारीरिक व्यायाम कराया गया, जिससे स्वयंसेवकों में ऊर्जा और अनुशासन बना रहा। नाश्ते के बाद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों ने गांव की सड़कों नालियों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की। इस कार्य में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया। दोपहर बाद बौद्धिक सत्र आयोजित हुआ जिसमें वक्ताओं ने स्वच्छ भारत अभियान पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें गीत, नाटक और भाषण के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डाला गया। दिन का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। दूसरा दिन सभी स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद रहा। कार्यक्रम के दौरान उपसरपंच फागू राम सेन, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश लहरे, मुखी राम साहू, धनेश्वर साहू, प्राचार्य दिनेश कुमार साहू, गेंद ध्रुव, डालेश्वरी साहू, मीना साहू, दुलारी साहू, केजा निषाद, देवकी साहू, धीरज सिंह ठाकुर, चूड़ामणि मानिकपुरी, पुरान साहू, रघुवीर, खुलेश कलिहारी, त्रिशा, कौशिक, नीतू यादव, दिव्यानी, चांदनी, जानवी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

**रासेयो का सात दिवसीय शिविर असौंदा में शुरू**

# युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करने का माध्यम है रासेयो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा द्वारा ग्राम असौंदा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 22 से 28 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं को समाज सेवा और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदार बनने का अवसर प्रदान करता है। यह शिविर ग्रामवासियों के लिए एक अच्छा अवसर है, जिससे वे अपने गांव को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं।

ग्राम सरपंच जितेंद्र चंद्राकर ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में कहा कि ऐसे शिविर समाज सेवा करने के सशक्त माध्यम होते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचने, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गांव में जागरूकता फैलाने में सहयोग दें।

प्राचार्य असौदा खिलेश्वर जायसवाल, प्रधानपाठक नेवारन दास गायकवाड़ एवं शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को सामाजिक दायित्व का बोध कराती है और उनमें नेतृत्व, अनुशासन और मानवीय संवेदनाओं का विकास करती है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम अधिकारी शाहिना परवीन ने कहा कि यह शिविर युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक दायित्व की भावना को बढ़ावा देना है और इस शिविर के माध्यम से हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने शिविर के आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवक, ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक करेंगे। वे गांव में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित करेंगे। यह सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम अधिकारी शाहिना परवीन के नेतृत्व में संचालित की जा रही है।

इस उद्घाटन कार्यक्रम में जितेंद्र चंद्राकर सरपंच, रविन्द्र तुरकाने उपसरपंच, प्राचार्य खिलेश्वर जायसवाल, नेवारन दास गायकवाड़ प्रधानपाठक, डागेश्वर प्रसाद वर्मा शिक्षक, पंचगण हरीश साहू, मनीष यादव, योगेश्वरी यादव, प्रमिला साहू, कुमारी बाई वर्मा, काजल ढीढी, रमेशिया बाई बांधे, हेमलता चंद्राकर, गंगा साहू, अश्वनी कुर्रे, सनत कुमार, बसंत विश्वकर्मा, राधिका यादव, शाला समिति अध्यक्ष डिगेशवरी यादव, पुष्पा साहू, त्रिवेणी वर्मा, कविता साहू, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, समस्त ग्रामवासी एवं समस्त स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## पेज 11 के शेष

### गेड़ापाली में सरकार...

उपाध्यक्ष प्रेमलता नेताम, जिला मंत्री रेवती चंद्रा, भाजपा नेता व समाजसेवी गिरवर निराला, जनपद सदस्य भोजराम अजगल्ले, पवन जायसवाल, सरपंच रेवती महेश्वर साहू रहे। शिविर में आगंतुक जनप्रतिनिधियों के सामने स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद इस कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास पूर्णताः प्रमाण पत्र दिया गया। मछली पालन विभाग द्वारा मछली का जाल कंटेनर दिया गया। वहीं बिलाईगढ़ एसडीएम द्वारा स्कूली छात्रा छात्राओं को आय जाति निवास प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य डॉ. दिनेश लाल जांगड़े ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में सुशासन तिहार विकासखंड स्तरीय बनाये जा रहे हैं और ऐसे कार्यक्रम पूर्व में भी हो चुके हैं। पिछले साल सुशासन तिहार जो तीन चरण में संपन्न हुआ था, और सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य है शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम छोर के लोगों तक पहुंचे।

### नए तहसील परिसर...

पेपर और सरकारी रिकॉर्ड्स बहुत संवेदनशील होते हैं, उन्हें खुले में लेकर बैठना जोखिम भरा है। वेंडरों का कहना है कि जब तक प्रशासन उन्हें सुरक्षित और निश्चित स्थान मुहैया नहीं कराता, तब तक वहां नियमित बैठना मुश्किल है।

### लंबित मांगों को...

और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि रोजगार सहायकों के कार्य में कोई बाधा न आए। तत्काल अमलीजामा पहनाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि इतने महत्वपूर्ण दायित्वों के बावजूद सरकार ने रोजगार सहायकों के भविष्य, मानदेय और सेवा सुरक्षा को अब तक रामजी के भरोसे ही छोड़ दिया है, जो गंभीर चिंता का विषय है। वीजीजीरामजी लागू होने से पहले रोजगार सहायकों की सेवा शर्तों स्थायीकरण, मानदेय वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा पर स्पष्ट नीति बनाना ग्रामीण विकास प्रणाली की मजबूती के लिए आवश्यक कदम होगा। रोजगार सहायक न केवल एक योजना तक सीमित रहते हैं, बल्कि वे ग्रामीण प्रशासन के हर क्षेत्र में सरकार और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उनके कार्यों में मनरेगा का प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत पोर्टल और निर्वाचन कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रांताध्यक्ष द्वारा स्पष्ट किया गया है कि रैली का उद्देश्य टकराव नहीं बल्कि समाधान है। यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन की अगली चरणबद्ध रणनीति घोषित की जाएगी। रैली के बाद एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगा। संघ ने कहा कि ग्रामीण विकास की योजनाओं की सफलता रोजगार सहायकों की मजबूती पर निर्भर है। इसलिए सरकार को चाहिए कि वे इन मांगों को राजनीतिक या प्रशासनिक जटिलता न मानकर, ग्राम स्तर की प्रशासनिक स्थिरता का विषय मानकर जल्द निर्णय लें।

### सेवानिवृत्त पेंशनरों ...

अवसर मिलेगा, इससे लोगों को लाभ मिलेगा। विधायक साहू ने पेंशनर संघ की मांग पर सभा कक्ष के लिए राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने पेंशनर संघ को समाज का सबसे बड़ा मार्गदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि उनके आशीर्वाद के बीना कोई भी कार्य सम्पन्न नहीं होता न ही आगे बढ़ने का मार्ग प्रसस्त होता है। वे 60-62 वर्ष तक सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त का समय कष्टप्रद होता है, क्योंकि वे दिनचर्या के काम से मुक्त हो जाता है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि यह आयोजन वरिष्ठजनों के सम्मान का प्रतीक है, जिन्होंने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष समाज और शासन की सेवा में समर्पित किए हैं। आपका योगदान अमूल्य है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।
कार्यक्रम में पेंशनर संघ पलारी के अध्यक्ष बिसौहा राम पटेल, राम खिलावन वर्मा, आर आर सिन्हा, शिव वर्मा, रघुनंदन वर्मा, मनोहर साहू, रामखिलावन साहू, रामनाथ साहू, डेरहा प्रसाद वर्मा, अशोक निर्मलकर, चतुर सिंह, खम्मन लाल वर्मा, देवप्रसाद साहू सहित पलारी ब्लॉक के पेंशनर्स उपस्थित थे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# ग्राफ्टेड बैगन की खेती से बढ़ी किसान योगेश की आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन की किसान हितैषी नीतियां अब जमीनी स्तर ओर अपने शानदार परिणाम दिखा रहीं हैं। जिले के भाटापारा ब्लॉक के गांव सेमरिया (बी) के प्रगतिशील किसान योगेश अग्रवाल ग्राफ्टेड बैगन की खेती कर अपनी आमदनी में बढ़ोतरी करने में सफल हुए हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि पहले वे परंपरागत तरीके से सब्जी की खेती करते थे। फिर उन्हें उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत ग्राफ्टेड बैगन एवं टमाटर प्रदर्शन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि ग्राफ्टेड बैगन रोगों का प्रकोप सामान्य खेती की तुलना में कम है। साथ-साथ इसमें तीनों सीजन में उत्पादन प्राप्त होता है। कम पानी एवं मजदूरी लागत भी कम आती है। पौधे भी मजबूत होते हैं जिससे उत्पादन में सुधार हुआ है। श्री अग्रवाल ने बताया इस तकनीक से किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है।

■ ग्राफ्टेड बैगन में रोगों का प्रकोप सामान्य खेती की तुलना में है कम



### 188 कृषकों का चयन किया गया

उल्लेखनीय है कि उद्यान विभाग द्वारा जिले में किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत ग्राफ्टेड बैगन एवं टमाटर प्रदर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। यह योजना जिले में पहली बार लागू की गई है। योजना के तहत ग्राफ्टेड बैगन एवं टमाटर की खेती कृषकों द्वारा की जा रही है, जिसके लिए प्रति प्रदर्शन राशि रूपए 30,000 का अनुदान दिया जा रहा है। जिले को 188 नग प्रदर्शन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके विरूद्ध नियमानुसार 188 कृषकों का चयन किया गया एवं कृषकों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### प्रकाश के आरक्षक बनने पर ग्रामीणों ने जताया हर्ष



**हिरमी-रावन**। ग्राम भालूकोना निवासी प्रकाश यादव का पुलिस आरक्षक पद पर चयन होने पर गांव में हर्ष का माहौल रहा। इस उपलब्धि पर उन्होंने बताया कि मेहनत व लगन एवं परिवार की सदस्यों द्वारा सहयोग करने पर ही यह सफलता मिली है। लोगों ने इसे परिवार के साथ-साथ ग्राम के लिए भी गौरव का विषय बताया।

### राजकुमार को मिली व्हीलचेयर, प्रशासन का जताया आभार



**बलौदाबाजार**। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने ग्राम पंचायत बलौदा निवासी दिव्यांग राजकुमार पटेल 49 वर्ष को व्हीलचेयर प्रदान की।
कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराना प्रशासन की संवेदनशील जिम्मेदारी है, जिससे वे सम्मानपूर्वक एवं आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। दिव्यांग राजकुमार पटेल ने बताया कि पहले उन्हें चलने-फिरने एवं रोजमर्रा के कार्यों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब व्हीलचेयर मिलने से न केवल उनका आवागमन सुगम होगा, बल्कि वे अपने दैनिक कार्य अधिक सहजता और आत्मविश्वास के साथ कर सकेंगे। इस सहायता के लिए राजकुमार पटेल ने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## निधन

### खोरबाहरा राम जायसवाल



**हिरमी रावन**। हिरमी के भाजपा कार्यकर्ता 52 वर्षीय खोरबाहरा राम जायसवाल का 20 दिसंबर को निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

**अभियान : पोलियो को जड़ से समाप्त करने सरकार की पहल**

# विधायक ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी-बंगला

पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत ग्राम मुड़पार-संडी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ विधायक संदीप साहू ने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई और ग्रामीणों से बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की। विधायक संदीप साहू ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ रहना ही हमारे उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। पोलियो जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन इसमें समाज की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे।विधायक साहू ने स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य टीमें निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रही हैं, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। टीकाकरण शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे। अभियान को सफल बनाने में मितानिन दीदियों की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही, जिन्होंने घर-घर जाकर बच्चों को टीकाकरण केंद्र तक लाने और अभिभावकों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि पोलियो मुक्त समाज के निर्माण के लिए हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा।






## अर्जुनी में 573 बच्चों को दी गई पोलियो खुराक

**अर्जुनी**। पल्स पोलियो अभियान में 21 दिसम्बर रविवार को गांधी चौक में 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाई गई। मितानीन प्रशिक्षिका चित्ररेखा साहू ने बच्चों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें पीएचसी बूथ क्रमांक 01 में 112 गांधी चौक बूथ 2 में 137 एवं बजरंग चौक में 87 सहित 336 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी गई। इस अभियान में मोतीन, गोदावरी, दीप, सुषमा साहू, नीरा, इन्द्राणी सेन, चित्ररेखा साहू, दुर्गा, सुमित्रा एवं मितानिन उपस्थित रही।



जिले भर में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरकार द्वारा पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का आयोजन 21 दिसंबर से प्रारंभ किया गया है। भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सुबह 8 बजे से शून्य से पांच वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। छोटे बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले ने अभियान की शुरुआत की। जिसमें 237 बच्चों को पल्स पोलियो का ड्राप पिलाया गया। सरपंच विष्णु कोसले ने पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत करते हुए उपस्थित जनों से आग्रह पूर्वक निवेदन किया कि दो बूंद हमारे नवजात शिशुओं के जीवन की रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल होता है जिसके लिए प्रत्येक माता-पिता सामने आकर अपने बच्चों को खुशहाल जीवन प्रदान करने का माध्यम बने हम सब भी आम जनमानस को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के स्वास्थ्यगत सेवा को अपनाते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर होकर कार्य करने के लिए आगे आएंगे। पल्स पोलियो अभियान के तहत 21 दिसंबर को क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों में पोलियो की ड्रॉप पिलाने के बाद 22 दिसंबर को स्वास्थ्य विभाग और मितानिनों के द्वारा घर-घर पहुंच कर पोलियो ड्राप से वंचित रहे बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया गया इसी तरह 23 दिसंबर को भी पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वीणा साहू मितानिन कुमारी मेहर भगवंतीन ध्रुव शुकवारो देवदास संतोषी ध्रुव सुशीला वर्मा मोगरा वैष्णव तामेश्वरी ध्रुव सुखमति रजक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### रोजगार के लिए प्लेसमेंट कैम्प 29 को

**बलौदाबाजार**। जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय परिसर में 29 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा।

जिला रोजगार से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक श्रीराम लाईफ इन्सुरेंस बलौदाबाजार द्वारा मैनेजर के 5 पद, कंप्यूटर ऑपरेटर 1 पद, अभिकर्ता 20 पद शैक्षणिक योग्यता दसवीं से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 25 हजार रुपये देय होगा, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा।दुर्गेश इंडसट्रियल सिक्योरिटी रायपुर द्वारा सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 10 पद, सिक्योरिटी गार्ड 30 पद, शैक्षणिक योग्यता दसवी, बारहवी, उच्च उत्तीर्ण एवं अनुभव 0-3 वर्ष उम्र 20 से 45 वर्ष, वेतन 15 हजार से 18 हजार रुपये एवं कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। टेक्नो टास्क प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा कस्टमर सर्विस एसोसिएट के 50 पद शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण, उम्र 18 से 30 वर्ष, वेतन 10 हजार रुपये देय होगा, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा।

इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित हो सकते है। इस संबंध मे अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

# राज्य स्तरीय जिला महोत्सव में जिले के 79 युवा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 23 से 25 दिसंबर तक राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बहतराई, बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेने जिले से 79 युवाओं का दल आज रवाना हो गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने युवाओं को अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह आयोजन युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने का अच्छा मौका है। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में 79 विजेता कलाकार, संगीतकार लोकनृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉकबैंड कुल 13 विधाओं में राज्य स्तरीय आयोजन में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खेल विभाग के अधिकारियों ने 79 सदस्यीय दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वंदना तिवारी, प्राचार्य गुरुकुल स्कूल बलौदाबाजार एवं नीरज बाजपेयी, समस्त नोडल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण बलौदाबाजार-भाटापारा मौजूद थे।



# गुरु घासीदास ने दिया मनखे मनखे एक समान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसवानी, पौसरी, बिटकुली, कलमीडीह में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास मन्दिर एवं जैतखाम में पूजा अर्चना कर राज्य एवं विधानसभा की खुशहाली एंम समृद्धि के लिए बाबा का आशीर्वाद ग्रहण किया।

■ गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल शिवरतन शर्मा

शिवरतन शर्मा का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर पंथी नृत्य के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बाबा के बताए सत्य के रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ सरकार हमारे पुरखो और महापुरुषों के खुशहाल छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करेगी। बाबा गुरु घासीदास का संदेश आज के संदर्भ में और ज्यादा प्रसंगिक है। बाबा ने उस समय के समाज मे प्रचलित ऊंच नीच, भेदभाव, छुआछुत का प्रबल विरोध किया। मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि आपसी मतभेद से नहीं बल्कि सामाजिक समरसता से ही समाज एवं देश का विकास होता है। बाबा जी का अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान और सतनाम मानव जीवन को सही दिशा देने वाला प्रकाश है, जो करुणा, समानता और सामाजिक समरसता के मूल्यों को निरंतर सुदृढ़ करता है।

उनके विचार समाज को जोड़ने की चेतना देते हैं और हमें न्याय, सद्भाव तथा मानवीय गरिमा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। उक्त कार्यक्रमों में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## सांसद कमलेश से मांगलिक भवन में आहता निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी समाज के उपाध्यक्ष केशव वर्मा सह सचिव नंदराम वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा व भाजपा के प्रदेश महामंत्री चंद्रभूषण वर्मा, मुंडा सहकारी समिति के अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा ने सारंगढ़ लोकसभा सांसद के निज निवास मसनियाकला पहुंच कर कमलेश जांगड़े से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लवन में बना रहे मांगलिक भवन में आहता निर्माण की मांग की।



### राठी ने पिलाई पोलियो की दवा, अभियान शुरु

**महासमुंद**। जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान 2025 का शुभारंभ 21 दिसंबर को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा महासमुंद में उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद देवीचंद राठी द्वारा बच्चे को पोलियो की दवा पिला कर किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद गुप्ता जिला टीकाकरण अधिकारी, राहुल ठाकुर शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, अनुपम शर्मा आरएमएनसीएचए सलाहकार, मनीष कश्यप, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह 30 जनवरी से 4 फरवरी तक**

# जैन मंदिर में भगवान शांतिनाथ की दिव्य प्रतिमा का प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार


नगर के रामसागर तालाब के समीप स्थित दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को अतिशयकारी मूलनायक भगवान शांतिनाथ की दिव्य प्रतिमा का भव्य प्रवेश हुआ। जयपुर से लाई गई प्रतिमा का सोमवार सुबह नगर परिक्रमा के पश्चात विधि विधान से मंदिर प्रांगण में प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर जैन समाज में विशेष उत्साह और धार्मिक उल्लास देखने को मिला।

प्रतिमा आगमन के दौरान पं. डीपी जैन द्वारा मंत्रोच्चार के साथ चावल एवं चंदन से समाजजनों का तिलक किया गया। हाथों में आरती की थाली लिए महिलाओं एवं पुरुषों ने दिव्य प्रतिमा की आरती उतारी। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर वातावरण में प्रतिमा को मंदिर में स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां प्रारंभ की गईं।



### प्रतिमा में प्रयुक्त पत्थर

नवीन मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष दिलीप जैन, मितेंद्र जैन, युवराज जैन एवं समिति सदस्यों ने बताया कि प्रतिमा में उच्च गुणवत्ता का मार्बल उपयोग किया गया है, जिसकी सतह पर रंग-भिन्नता नहीं होती। यह खरोंच, घर्षण एवं बाहरी प्रभावों के प्रति अधिक प्रतिरोधक है। महीन दानेदार संरचना के कारण इसका रंग दीर्घकाल तक फीका नहीं पड़ता।



समाज पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह 30 जनवरी से 4 फरवरी के मध्य मंगलमय वातावरण में संपन्न किया जाएगा। प्रतिमाएं जयपुर से लाकर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष दिलीप जैन, पूर्व अध्यक्ष दिनेश जैन, वर्तमान अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष संदीप जैन, प्रवीण जैन, सचिव अमित जैन सहित समिति सदस्यों एवं समस्त जैन समाज के आशीर्वाद से विधि विधान पूर्वक बलौदाबाजार जैन मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा हेतु लाई गई हैं।समाजजनों ने बताया कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह भगवान के जन्म से लेकर मोक्ष प्राप्ति तक की पावन क्रियाओं का समुच्चय है। इसके पांच चरण गर्भ कल्याणक, जन्म कल्याणक, तप कल्याणक, केवल ज्ञान कल्याणक और मोक्ष कल्याणक भगवान के जीवन की दिव्य यात्रा को दर्शाते हैं। इन्हीं पांच चरणों के विधि विधान को पंचकल्याणक कहा जाता है।

# वार्षिक तिल्दा राज अधिवेशन में सनत कुमार का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

छ.ग. मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, तिल्दा राज द्वारा आयोजित 80वें वार्षिक राज अधिवेशन का आयोजन स्मृति सभा स्थल, बीएलबी हाई स्कूल मैदान नेवरा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए सनत कुमार वर्मा को मंच पर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथियों ने श्री वर्मा के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सम्मान प्राप्त होने पर श्री वर्मा ने आयोजक समिति एवं समाज का आभार व्यक्त किया।